कोटद्वार, शुक्रवार
12 अप्रैल 2024
वर्षः 45
अंकः 337 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# मुख्यमंत्री धामी और उनकी सरकार राज्य में मेहनत करके शानदार काम कर रही : प्रधानमंत्री मोदी

ऋषिकेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ऋषिकेश स्थित आई.डी.पी.एल मैदान में भाजपा उत्तराखंड द्वारा आयोजित विजय संकल्प रैली में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने "पहाड़ी वाद्य यंत्र हुड़का उपहार स्वरूप प्रधानमंत्री को भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने स्वयं भी हुड़का बजाया।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि "मां गंगा के सानिध्य में बसे, चार धाम के द्वार ऋषिकेश में इतनी विशाल संख्या में लोग हमें आशीर्वाद देने आए हैं।" उन्होंने कहा जब भी वो उत्तराखंड आते हैं तो अपने परिवारजनों के साथ पुरानी यादें भी ताज़ा करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कल मैं "भारत के दक्षिणी छोर पर, सागर तट पर बसे तमिलनाडु में था। वहां भी लोग कह रहे हैं– फिर एक बार मोदी सरकार"। उन्होंने कहा आज वो हिमालय की गोद में, बाबा "केदार और बद्री विशाल के सानिध्य में आए हैं तो यहां भी फिर एक बार मोदी सरकार की गूंज है"। उन्होंने कहा ये गूंज इसलिए है क्योंकि देश के लोगों ने पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार का काम देखा है।

प्रधानमंत्री ने कहा "उत्तराखंड देवभूमि है, देवभूमि में देवताओं का आवाहन करने की परंपरा है। "हुड़का" की थाप से देवताओं का आह्वान किया जाता है। उन्होंने कहा आज उन्हें भी देवता रूपी जनता जनार्दन का आह्वान करने के लिए हुड़का बजाने का सौभाग्य मिला"। प्रधानमंत्री ने कहा सरकार ने बीते 10 साल में भारत को कई गुना ज्यादा मजबूत बना दिया है। जब देश में कमजोर और अस्थिर सरकार रही है, तब दुश्मनों ने फायदा उठाया है। कमज़ोर और अस्थिर सरकारो में भारत में आतंकवाद ने पैर पसारे। आज भारत में मोदी की मज़बूत सरकार है, इसलिए आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है, "भारत का तिरंगा युद्धक्षेत्र में भी सुरक्षा की गारंटी बनता है, जम्मू कश्मीर से आर्टिकल–370 खात्मा होती है, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाया जाता है, महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण दिया जाता है, सामान्य वर्ग के गरीबों को भी 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी ने वन रैंक वन पेंशन लागू करने की गारंटी दी थी और इसे पूरा करके दिखाया। उन्होंने कहा कांग्रेस कहती थी, वन रैंक वन पेंशन लागू करके हम पूर्व सैनिकों को 500 करोड़ रुपए देंगे। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने वन रैंक वन पेंशन लागू करके पूर्व सैनिकों को एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा दिए हैं। उत्तराखंड में भी ओ.आर.ओ.पी के साढ़े 3 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा सैनिक परिवारों को मिले हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस के समय में जवानों के पास बुलेटप्रूफ जैकेट तक की कमी थी। दुश्मन की गोली से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं थे। पर भाजपा की सरकार ने भारत में बनी बुलेट प्रूफ जैकेट अपने सैनिकों को दी, उनके जीवन की रक्षा की। आधुनिक राइफल से लेकर लड़ाकू विमान और विमान वाहक पोत तक आज देश में ही बन रहे हैं। उन्होंने कहा जनता का उत्साह और जोश मेरे सर आंखों में है। उन्होंने कहा "उत्तराखंड वालों के लिए मैं घर का सदस्य हूं। उत्तराखंड वासियों से निकट का नाता रहा है। उत्तराखंड के प्यार को जीवन में नहीं भुलाया जा सकता है।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि "कांग्रेस की कमज़ोर सरकार, सीमाओं पर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं बना पाई। पर आज हमारी सरकार पूरी सीमा पर आधुनिक सड़कें, सुरंगें बना रही है"। उन्होंने कहा बाबा केदार की भूमि से उन्होंने ये दशक उत्तराखंड का दशक बताया था। उन्होंने कहा "हमारी सरकार उत्तराखंड के सामर्थ्य का लगातार विस्तार करने में जुटी है। जिसमे पर्यटन की बड़ी भूमिका है। ऋषिकेश, पर्यटन का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र है"। राफ्टिंग, कैंपिंग, एडवेंचर, आध्यात्म और योग, ऋषिकेश की पहचान है और हर कोई व्यक्ति यहां आकर आनंद से भर जाता है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार उत्तराखंड के पर्यटन को बढ़ावा देकर रोजगार के नए अवसर तैयार कर रही है, "देश के किसी भी हिस्से से पर्यटकों के लिए उत्तराखंड के कोने–कोने तक पहुंचना आसान हो इसके लिए देवभूमि में रोडवेज, रेलवेज और एयरवेज की सुविधा बढ़ा रहे हैं।" ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेलवे लाइन पर तेज़ी से काम चल रहा है। दिल्ली से देहरादून की दूरी भी सिमट रही है। "उत्तराखंड के जिन सीमावर्ती गांवों को कांग्रेस अंतिम गांव कहती थी, भाजपा उन्हें देश का पहला गांव मानकर विकास कर रही है।"

प्रधानमंत्री ने कहा मानसखंड के तीर्थ स्थानों जैसे आदि कैलाश, ओम पर्वत दर्शन के लिए हेलीकाप्टर सेवाएं शुरू हो गई हैं। यमुनोत्री, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में रोप–वे बनने से बहुत सुविधा हो जाएगी। चार धाम परियोजना के तहत केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री को लगभग 900 किलोमीटर लंबे हाइवे से जोड़ा जा रहा है। इन सब प्रयासों से श्रद्धालुओं को उत्तराखंड पहुंचने में काफी आसानी हो रही है। उन्होंने कहा "भाजपा की नीयत सही है। और जब नीयत सही होती है, तो नतीजे भी सही मिलते हैं"। उन्होंने कहा 2017 तक केदारनाथ में एक साल के भीतर करीब 5 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का रिकॉर्ड था। पिछले वर्ष करीब 20 लाख यात्री केदारनाथ के दर्शन के लिए आए। चारधाम यात्रा में पिछले वर्ष 55 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने उत्तराखंड की यात्रा की। उन्होंने कहा मानसखंड में आदि कैलाश और ओम पर्वत में भी यात्रियों की संख्या भी तेजी से बड़ी है। उन्होंने कहा "पर्यटन बढ़ने का मतलब है, रोजगार के ज्यादा से ज्यादा मौके"।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में हो रहे विकास ने अब पलायन की खबरों को बीते दिन की बात बना दिया है। अब उत्तराखंड के स्टार्टअप की खबरें आती हैं। "उत्तराखंड के नौजवानों ने एक हज़ार से अधिक स्टार्टअप रजिस्टर किए हैं, जिसमें 500 स्टार्टअप बेटियों के हैं"। मुद्रा योजना से लाखों नौजवानों को बिना गारंटी के ऋण मिले हैं। उन्होंने कहा "कांग्रेस की सरकार में गरीब, नौजवान का पैसा, बिचौलिए खा जाते थे। पर भाजपा सरकार में लोगों के हक का पैसा सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर हो रहा है।" उन्होंने बताया उत्तराखंड के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का 2600 करोड़ रुपए से अधिक मिल चुका है। उन्होंने कहा "हमारी सरकार ने लूट बंद की है, इसलिए कांग्रेस मोदी से गुस्सा है। उन्होंने कहा मोदी कह रहा है भ्रष्टाचार हटाओ, वो कह रहे हैं भ्रष्टाचारी बचाओ।"





## पीएम की रैली ऐतिहासिक, जनता को मोदी के वायदे पर भरोसाः भट्ट

देहरादून। आज केदारखंड समेत समूची धर्मनगरी का ये रैला मोदी जी के सैनिकों की चुनाव में जीत की गारंटी दे गया है प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने ऐतिहासिक एवं युग परिवर्तनकारी कार्य किए हैं। जिसके कारण देवभूमि की जनता ने मोदी जी को आशीर्वाद देने का मन पहले से ही बनाया हुआ था। लेकिन आज मोदी जी के प्रेरणाप्रद एवं ओजस्वी भाषण के बाद सभी सीटें 75 फीसदी से अधिक मतों से जीतना भी निश्चित हो गया है । उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अब समय है कि मोदी जी के विचारों और मार्गदर्शन को जन–जन तक पहुंचाया जाए । हम सबको मिलकर मोदी जी के विजन और कार्यों के आधार पर प्रदेश के सवा करोड़ से अधिक देवतुल्य जनता का आशीर्वाद प्राप्त करना है। जिसके तहत मोदी जी द्वारा बताए दो कामों को अवश्य करना है, पहला अपनी देवी देवताओं एवं पवित्र धाम में शीश नवाना है और दूसरा प्रत्येक मतदाता तक मोदी जी की राम राम कहकर आशीर्वाद लेना है । हमें जी तोड़ मेहनत से प्रदेश के सभी पोलिंग स्टेशनों पर कमल खिलाकर मोदी जी को प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

## एक नजर

### सीएम योगी और प्रियंका गांधी की होगी रैली, सुरक्षा में तैनात रहेंगे 700 जवान; खुफिया एजेंसियां अलर्ट

हल्द्वानी। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ व कांग्रेसी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी 13 अप्रैल को हल्द्वानी व रामनगर में जनसभा करेंगे। दोनों माननीयों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। चार कंपनी पीएसी समेत 700 पुलिसकर्मी माननीयों की सुरक्षा में तैनात रहेंगे। कार्यक्रम से पहले खुफिया एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ चुकी है। कार्यक्रम स्थल से लेकर शहर में होने वाली हर गतिविधि पर नजर दौड़ाई जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम हल्द्वानी व प्रियंका गांधी का कार्यक्रम रामनगर में प्रस्तावित है।

**पुलिस अभी से कर रही है तैयारी**

सीएम योगी आदित्यनाथ व कांग्रेसी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को सुनने के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ने का अनुमान है। सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसलिए पुलिस अभी से तैयारियों में जुट गई है। एसएसपी दोनों कार्यक्रम स्थलों का गोपनीय निरीक्षण कर चुके हैं। खुफिया एजेंसियां हर गतिविधि पर नजर रख रही है। पुलिस कार्यक्रम स्थल के आसपास रहने वाले लोगों का भौतिक सत्यापन करेगी।

चप्पे–चप्पे पर तैनात रहेगी फोर्स

घरों के अलावा छतों की तलाशी ली जाएगी। जिस दिन कार्यक्रम होगा उस दिन चप्पे–चप्पे पर भारी फोर्स रहेगा। एसएसपी के अनुसार रामनगर व हल्द्वानी की सभाओं के लिए पूरे कुमाऊं से राजपत्रित अधिकारी व पुलिस कर्मी पहुंचेंगे। चार कंपनी पीएस मिल चुकी है। इसके अलावा शहर के अलग–अलग जगह पर पहले से ही अर्द्धसैनिक बल तैनात है।

### दिल्ली की तीनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों के नाम तय

दिल्ली ,कांग्रेस आलाकमान ने दिल्ली की अपने हिस्से की तीनों सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम तकरीबन तय कर लिए हैं। इसमें उत्तर पूर्व दिल्ली क्षेत्र से जेएनयू के पूर्व छात्र नेता कन्हैया कुमार, चांदनी चौक क्षेत्र से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित व उत्तर–पश्चिम दिल्ली क्षेत्र से पूर्व सांसद उदित राज के नाम शामिल हैं। संभवतः शुक्रवार को उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। उधर, सूत्र बताते हैं कि अब भी दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का एक खेमा सूची में शामिल उम्मीदवारों के नामों से सहमत नहीं है। इनकी कोशिश सूची में बदलाव करवाने की है।

## अरविंद केजरीवाल की याचिका पर 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली। आबकारी घोटाले में जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई कर सकता है। केजरीवाल ने मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्तारी को वैध ठहराने वाले दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

वेबसाइट पर केजरीवाल की याचिका का स्टेटस देखने पर कंप्यूटर में मामले पर सुनवाई की संभावित तिथि 15 अप्रैल यानी आगामी सोमवार की दिख रही है। ऐसे में संभावना है कि मामले पर सोमवार को सुनवाई हो।

**4 दिन बंद है सुप्रीम कोर्ट**

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट बुधवार के बाद से चार दिन के लिए बंद है और यह सोमवार को ही खुलेगा। अभी तक सोमवार की सुप्रीम कोर्ट की लिस्ट नहीं आई है। दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को केजरीवाल की गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताने वाली याचिका खारिज कर दी थी और गिरफ्तारी को वैध ठहराया था।

**हाई कोर्ट ने केजरीवाल की यह दलील की खारिज**

हाई कोर्ट ने केजरीवाल की यह दलील भी खारिज कर दी थी कि राजनीतिक विद्वेष के चलते उन्हें चुनाव के दौरान गिरफ्तार किया गया है। केजरीवाल की ओर से हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ बुधवार को ही सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर दी गई थी और कोर्ट से मामले पर जल्दी सुनवाई की भी गुहार लगाई गई थी। तब कोर्ट ने कोई निश्चित तारीख तो नहीं दी थी, लेकिन उनके वकील से कहा था कि ईमेल भेजें, उस पर गौर किया जाएगा।

**सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में क्या?**

जानकारी के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में केजरीवाल की ओर से कहा गया है कि यह विशेष अनुमति याचिका अत्यंत आपात परिस्थितियों में दाखिल की गई है, क्योंकि दिल्ली के मुख्यमंत्री को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएमएलए की धारा 19 में प्रेरित उद्देश्य से चुनाव के बीच में गैर कानूनी ढंग से गिरफ्तार कर लिया है। कहा गया है कि यह गिरफ्तारी सह अभियुक्तों के बहुत देरी से दिये गए बयानों के आधार पर की गई है, जो कि अब वादा माफ गवाह बन चुके हैं। ये सब सामग्री ईडी के पास पिछले नौ महीने से थी, फिर भी उनकी गिरफ्तारी आम चुनावों के बीच में की गई।

केजरीवाल की ओर से दावा किया गया कि ऐसी कोई सामग्री या तथ्य नहीं हैं जिनके आधार पर याचिकाकर्ता (केजरीवाल) को दोषी माना जा सके या उनकी गिरफ्तारी की जाए। हाई कोर्ट यह समझने में नाकाम रहा कि सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दिये गए बयान को पूर्ण सत्य नहीं माना जा सकता, अदालत उस पर संदेह कर सकती है।

## भारत–म्यांमार सीमा पर सुरक्षा होगी कड़ी

आइजोल। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को आइजोल में भाजपा का घोषणापत्र जारी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार देश की सुरक्षा को सवोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने भारत–म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और मुक्त आवाजाही व्यवस्था (टफ) को समाप्त करने का फैसला किया है। पत्रकारों से बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि हमारे देश की सुरक्षा, मिजोरम सहित हमारे राज्यों की सुरक्षा के लिए हमें कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। हालांकि, फिलहाल हम जो सावधानियां बरत रहे हैं, वह एक निश्चित स्थिति के जवाब में है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा पड़ोसी अभी एक गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है।

2021 में हुआ था सैन्य तख्तापलट

मालूम हो कि म्यांमार में फरवरी 2021 में सैन्य तख्तापलट हुआ था, तब से लेकर अब तक यह देश गंभीर संकट का सामना कर रहा है। तख्तापलट होने के बाद से ही म्यांमार के हजारों लोगों ने विभिन्न उत्तर–पूर्वी राज्यों, खासकर मिजोरम में शरण ली है।

**सावधानी बरतने की जरूरतः जयशंकर**

विदेश मंत्री जयशंकर ने इस दौरान कहा कि केंद्र सरकार लोगों के हितों, परंपराओं, रीति–रिवाजों और सीमा पार रिश्तों के प्रति बहुत संवेदनशील है।

## लोकसभा चुनाव से पहले मिजोरम पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### 6 करोड़ रुपये की अवैध शराब और ड्रग्स जब्त



आइजोल। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पूरे देश में आचार सहिंता लागू हो गई है। इस बीच मिजोरम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर लगभग 6 करोड़ रुपये से अधिक की नशीली दवाएं और अवैध शराब जब्त की। दरअसल, मिजरोम पुलिस ने राज्यभर में अवैध शराब और नशीली दवाओं के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया था। इस मामले में 94 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

**16 मार्च के बाद से की जा रही कार्रवाई**

इस सिलसिले में मिजोरम पुलिस के सीपीआरओ नेहचुंगनुंगा ने एक प्रेस बयान में कहा कि मिजोरम पुलिस हर समय अवैध शराब और नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान चलाती आ रही है। उन्होंने कहा कि 16 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से स्थानीय निर्मित शराब (एलएमएल), बाहर से मिजोरम में तस्करी की जा रही अवैध शराब और ड्रग्स की जब्ती की गई है, जो राज्य में शराब और ड्रग्स की उच्च मांग को दर्शाता है।

इतने अवैध शराब किए गए जब्त

शराब और नशीली दवाओं के उपयोग की जांच करने के लिए मिजोरम पुलिस द्वारा शुरू किए गए राज्यव्यापी अभियान के हिस्से के रूप में, रुपये मूल्य की 4773 लीटर से अधिक स्थानीय निर्मित शराब (एलएमएल) जब्त की गई।

इसमें विदेशी शराब भी शामिल है, जिसका मूल्य 23 हजार से 49 हजार के बीच है। इसमें 23,28,000 रुपये मूल्य की 2577 लीटर भारतीय निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल), 41,23,200, 66 लीटर बीईडीसी मूल्य रु. बीयर की 636 कैन कीमत 49,500 रुपये, स्थानीय बाजार में 3,18,000 रुपये मूल्य का लगभग 13,340 लीटर किण्वित चावल जब्त किया गया।

नेहचुंगनुंगा ने कहा कि 16 मार्च 2024 से 8 अप्रैल 2024 की अवधि के दौरान 46,69,000 अवैध शराब को नष्ट किया गया है।इसको लेकर पुलिस स्टेशनों में 51 मामले दर्ज किए गए और 61 आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

इसके अलावा मिजोरम पुलिस के सीपीआरओ ने बताया कि इस दौरान 1,65,39,000 रुपये मूल्य की 5,513 किलोग्राम हेरोइन, 3,44,09,700 रुपये मूल्य की 26,469 किलोग्राम मेथमफेटामाइन और 1,15,425 रुपये मूल्य का 23,085 किलोग्राम गांजा भी जब्त किया गया। इसी अवधि में पुलिस स्टेशनों पर 25 मामले दर्ज किए गए और इन मामलों में 33 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## उत्तराखंड में अल्पसंख्यक वोट बैंक के सहारे खाता खोलने की जुगत में कांग्रेस

### दो सीटों पर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

देहरादून : कांग्रेस 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव में उत्तराखंड में दो संसदीय क्षेत्रों हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में जीत की सर्वाधिक उम्मीद बांधे है। पार्टी की उम्मीद का प्रमुख कारण मुस्लिम मतदाता भी हैं। दोनों क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाताओं की अच्छी–खासी संख्या देखते हुए इन्हें रिझाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। पार्टी ने इस बार न्याय पत्र के रूप में जारी किए अपने घोषणापत्र में संविधान में अल्पसंख्यकों को मिलने वाले अधिकारों की सुरक्षा की गारंटी दी है तो सस्ते ऋण, विदेश में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति समेत कई तरह के लुभावने वायदे भी किए हैं।



**अल्पसंख्यक समुदायों की भागीदारी 16 प्रतिशत से अधिक**

प्रदेश की कुल जनसंख्या में अल्पसंख्यक समुदायों की भागीदारी 16 प्रतिशत से अधिक है। इसमें मुस्लिम जनसंख्या 14 प्रतिशत है, जबकि अन्य अल्पसंख्यक समुदायों में सिख 2.34 प्रतिशत और ईसाई एक प्रतिशत से कम हैं। उत्तराखंड राज्य बनने के बाद मुस्लिम आबादी अपेक्षाकृत तेजी से बढ़ी है। चार जिलों हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर, देहरादून और नैनीताल में मुस्लिम मतदाताओं की लोकसभा चुनाव में बड़ी भूमिका देखते हुए कांग्रेस को अपने अच्छे प्रदर्शन की संभावनाएं लग रही हैं। विशेषकर दो संसदीय क्षेत्रों हरिद्वार और नैनीताल–ऊधम सिंह नगर में सामाजिक समीकरण के बूते उसे खाता खुलने की उम्मीद है।

**भाजपा के मुकाबले में होने का लाभ मिलने का विश्वास**

पिछले दो लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांच में से एक भी सीट कांग्रेस को नहीं मिल पाई। प्रदेश में अन्य विपक्षी दलों की तुलना में कांग्रेस की स्थिति मजबूत है। पार्टी के पास बड़ा जनाधार भी है। भाजपा ने जिस प्रकार हिंदू मतों पर अपनी बढ़त बनाई, उसे देखते हुए कांग्रेस को उम्मीद है कि मतों के ध्रुवीकरण की स्थिति में मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन उसे मिलेगा। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में ऐसा देखने को मिल भी चुका है।

**हरिद्वार में कांग्रेस को विधानसभा की पांच सीट मिलीं,** जबकि दो बसपा के खाते में गई थीं। यद्यपि बसपा को मिली दो में से एक मंगलौर विधानसभा सीट विधायक सरबत करीम अंसारी के निधन के बाद रिक्त चल रही है। कांग्रेस उम्मीद कर रही है राज्य में विपक्ष के रूप में उसकी हैसियत देखते हुए मुस्लिम मतों का झुकाव उसकी ओर बढ़ेगा।

### मुस्लिम बहुल क्षेत्रों से आस

हरिद्वार जिले में मुस्लिम आबादी 33 प्रतिशत से अधिक है। हरिद्वार संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मंगलौर, झबरेड़ा, पिरान कलियर, ज्वालापुर, खानपुर, लक्सर, भगवानपुर और हरिद्वार ग्रामीण में मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में माने जाते हैं। इसी प्रकार नैनीताल–ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र की विधानसभा सीटों किच्छा, रुद्रपुर, जसपुर, काशीपुर, सितारगंज में मुस्लिम समुदाय की बड़ी आबादी है। इन दोनों ही संसदीय क्षेत्रों में सामाजिक समीकरण का लाभ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटों में वृद्धि के रूप में सामने आया था।

### कांग्रेस के घोषणापत्र में अल्पसंख्यकों के लिए लुभावने वायदे

कांग्रेस को लोकसभा चुनाव के लिए जारी किए गए घोषणापत्र से अधिक उम्मीद है। घोषणापत्र में अल्पसंख्यकों को केंद्र में रखकर कई घोषणाएं की गई हैं। अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों और युवाओं को शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय, सेवाओं, खेल, कला और अन्य क्षेत्रों में बढ़ते अवसरों का पूरी तरह से लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहन और सहायता का वायदा किया गया है। विदेश में अध्ययन के लिए मौलाना आजाद छात्रवृत्ति को फिर से लागू करने, छात्रवृत्ति की संख्या बढ़ाने, आर्थिक सशक्तीकरण के लिए आसान ऋण देने की नीति बनाने का वायदा भी किया गया है। पार्टी ने घोषणापत्र में अल्पसंख्यकों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों की सुरक्षा पर जोर दिया है।

**प्रियंका के माध्यम से मुस्लिम मतदाताओं को साधेगी पार्टी**

कांग्रेस की रणनीति चुनाव प्रचार के लिए अपने स्टार प्रचारकों को उतारने में भी मुस्लिम क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने की है। पार्टी ने राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की चुनावी सभाओं के लिए ऐसे क्षेत्रों का चयन किया है। प्रियंका 13 अप्रैल को गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के रामनगर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। रामनगर क्षेत्र गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के बीच में है।

## संपादकीय

# स्थानीय संस्कृति से मोदी का जुड़ाव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक विशेषता है कि वह जिस राज्य में जाते हैं वहां की संस्कृति और बोली में खुद को ढालने का प्रयास करते हैं। प्रायः अपने संबोधन में वे स्थानीय बोली को शामिल करते हैं जो जनसभा में आए लोगों को सीधे उनसे जोड़ देता है। उत्तराखंड में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुद्रपुर में हुई पूर्व में अपनी रैली स्थानीय भाषा से शुरू की थी तो ऋषिकेश में अपनी जनसभा में उन्होंने गढ़वाली वाद्य यंत्र को बजाकर जनसभा अपने नाम कर ली। यही हुनर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कि वह जनता को शुरुआत से लेकर आखिर तक खुद से बांधे रखते हैं और जनता एक तक होकर उनका संबोधन सुनती है। उत्तराखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऋषिकेश में अपना दूसरा चुनावी द्वारा किया जिससे भाजपा गदगद है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस चुनावी रैली के माध्यम से एक तीर से दो शिकार किए, पहले तो उन्होंने कांग्रेस की नीतियों को देश और समाज के विरुद्ध बताते हुए कई पुराने पुराण खोले तो वहीं उन्होंने विकास और गारंटी के नाम पर जनता से वोट मांगे। किसी प्रदेश की परंपरा और संस्कृति को जानने के लिए इसका ज्ञान होना भी जरूरी है और कम से कम इतना तो कह सकते हैं कि मोदी इस कार्य में काफी बेहतर है। अपने संबोधन में ब्रह्मकमल, हुड़का और गढ़वाल के तीन प्रमुख शक्तिपीठों का जिक्र कर गढ़वाल के मतदाताओं तो गंगा और हरकी पैड़ी से हरिद्वार के मतदाताओं को साधने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें हुड़का भेंट किया तो मोदी ने हुड़का का महत्व जनसभा के सामने रखा और जनता को देवता तुल्य मानते हुए हुडके को आह्वान करने वाला यंत्र बताया। उत्तराखंड में हुड़का का नाद देवी–देवताओं के आह्वान करने में ऊर्जा देता है। असल में यही एक हुनरबाज वक्ता में गुण होना चाहिए कि वह किस प्रकार से श्रोताओं को खुद से बांधकर रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के अतीत और उसके बयानों पर खुलकर अपने विचार व्यक्त किया और कांग्रेस पर प्रभु राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए जाने के भी आरोप लगाए। रामलला की मूर्ति के शिलान्यास के बहिष्कार का भी उन्होंने जिक्र किया जो यह दर्शाता है कि लोकसभा चुनाव के अलग–अलग चरणों के मतदान से पूर्व भाजपा इस मसले पर कांग्रेस को छोड़ने ने वाली नहीं है। कांग्रेस के पास अभी ऐसे फायर ब्रांड नेताओं का अभाव है जो जनता को खुद से जोड़कर रखें और स्थानीय मुद्दों व संस्कृति पर बेबाक तरीके से बोल सके। उत्तराखंड में पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को चुनाव होने हैं और मतदान के लिए उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। कांग्रेस का खेमा अभी तक बड़े नेताओं की राह तक रहा है, जबकि भाजपा नेताओं के चुनावी दौरे अभी थमते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। यदि कांग्रेस अभी भी रफ्तार में नहीं आना चाहती है तो यह समझ लेना चाहिए कि कहीं ना कहीं कांग्रेस पर मनोवैज्ञानिक तौर पर भाजपा हावी हो चुकी है।

# तेंदुओं की आबादी का बढ़ना बेहद सुखद

**रेखा गुहा**

यह बेहद सुखद खबर है कि देश में तेंदुओं की तादाद में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की गुरुवार को आई ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में देशभर में करीब 13,874 तेंदुए हैं। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक, शिवालिक पहाड़ियों और उत्तर भारत के कई इलाके में इनकी संख्या में गिरावट आई है। मंत्रालय ने कहा कि ताजा गणना में तेंदुओं की संख्या 12,616 से 15,132 के बीच पाई गई है, जबकि इससे पहले 2018 में किए गए सर्वे में यह आंकड़ा 12,172 से 13,535 के बीच था। बता दें कि यह रिपोर्ट राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण एवं वन्य जीव संस्थान द्वारा किए गए पांचवें चक्र की गणना पर आधारित है। यह सर्वेक्षण चार बड़े टाइगर रिजर्व में 18 बाघ राज्यों में तेंदुओं की रिहायश वाले लगभग 70 फीसदी क्षेत्र में किया गया।

हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भारत में तेंदुओं की बढ़ती आबादी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि तेंदुओं की संख्या में यह उल्लेखनीय वृद्धि जैव विविधता के प्रति भारत के अटूट समर्पण का प्रमाण है। पीएम मोदी ने उन सभी लोगों की भी सराहना की जो वन्यजीव संरक्षण की दिशा में विभिन्न सामूहिक प्रयासों का हिस्सा हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने जानवरों की सात प्रजातियों के संरक्षण के लिए एक संयुक्त गठबंधन विकसित करने के लिए इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस यानी आईबीसीए की स्थापना का रास्ता भी साफ कर दिया है। इस एलायंस का मुख्यालय भारत में होगा। इसे 2023–24 से 2027–28 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए 150 करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि बिग कैट के अंतर्गत मुख्यतः सात बिग कैट आते हैं इनमें प्रमुखतः बाघ, शेर, तेंदुआए हिम तेंदुआ, प्यूमाए जगुआर और चीता शामिल हैं। बता दें कि बिग कैट्स और उनके आवासों की सुरक्षा करके, आईबीसीए प्राकृतिक जलवायु अनुकूलन, जल और खाद्य सुरक्षा और इन पारिस्थितिक तंत्रों पर निर्भर समुदायों की भलाई में योगदान देने का काम करेगा। इसका उद्देश्य पारस्परिक लाभ और दीर्घकालिक संरक्षण लक्ष्यों को



आगे बढ़ाने के लिए देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है। इस एलायंस की सफलता के लिए बहुत जरूरी है कि वन्य जीवों के लिए मुफीद वातावरण बनाया जाए। उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए बेहतर प्रबंध किए जाए। अगर हम वन्य जीवों के महत्व को समझने लगेंगे तो यह भविष्य में निश्चित रूप से हमारे देश की सॉफ्ट पॉवर को दर्शाएंगे।

हालांकि, तेंदुएं की तादाद को बताते ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि विभिन्न राज्यों में इनकी संख्या अलग–अलग तरह से घटी या बढ़ी है। तमिलनाडु में तेंदुओं की संख्या में जहां खासी वृद्धि दर्ज की गई है, वहीं राजस्थान में संख्या स्थिर है। अलबत्ता यहां थोड़ी कमी ही आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मध्य प्रदेश में तेंदुओं की संख्या लगातार देश में सबसे अधिक बनी हुई है, जहां 3,907 तेंदुए पाए गए हैं। यहां वर्ष 2018 में 3,421 तेंदुए थे। महाराष्ट्र में 2018 में 1,690 तेंदुए थे, जो 2022 में बढ़कर 1,985 हो गए। वहीं, कर्नाटक में इनकी संख्या 1,783 से बढ़कर 1,879 और तमिलनाडु में 868 से बढ़कर 1,070 हो पहुंच गई। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में इनकी संख्या में सबसे कम वृद्धि हुई, जहां 2018 में 11 तेंदुए थे, वर्ष 2022 में यह संख्या 42 तक ही पहुंची।

हालांकि ग्लोबल इकोलॉजी एंड बायोग्राफी जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में दावा किया गया था कि सड़क पर वाहनों द्वारा होने वाली मौतों के कारण उत्तर भारत में तेंदुओं के विलुप्त होने का खतरा 83 फीसद बढ़ गया है। इसके पीछे की मुख्य वजह रोडकिल को माना गया। दरअसल, सड़क पर वाहनों द्वारा होने वाली मौतों को रोडकिल कहा जाता है। अध्ययन में इस बात का दावा किया गया है कि रोडकिल का वर्तमान स्तर ऐसे ही बना रहता है तो आगामी 50 वर्षों में वैश्विक स्तर पर विलुप्ति के खतरे का सामना कर रहे चार जानवरों की आबादी में से उत्तर भारत में पाई जाने वाली तेंदुओं की आबादी सर्वाधिक सुभेद्य होगी यानी कि इन पर विलुप्ति का खतरा सबसे अधिक होगा। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि रोडकिल तेंदुए के जीवन को संकटमय बना रहा है। मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट बताती है कि शिवालिक पहाड़ियों और मैदानी इलाकों में तेंदुए की संख्या 2018 में 1,253 थी जो 2022 में घटकर 1,109 हो गई। मंत्रालय से संबंधित केंद्रीय मंत्री ने बयान में कहा है कि शिवालिक पहाड़ियों और गंगा के मैदानी इलाकों में तेंदुओं की संख्या में प्रति वर्ष 3–4 फीसदी की दर से गिरावट हुई है। जो तेंदुएं पर मंडराते संकट को ध्वनित करता है। रिपोर्ट की मानें तो वन्य जीव (सुरक्षा) अधिनियम 1972 की अनुसूची–1 में दर्ज होने और इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर यानी आईयूसीएन रेड लिस्ट द्वारा अतिसंवेदनशील घोषित किए जाने के बावजूद तेंदुओं पर खतरा मंडरा रहा है। इनकी रिहायश के इलाके लगातार कम होने, मानव–वन्यजीव संघर्ष, शिकार और अवैध व्यापार के कारण इन्हें जीवन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

**हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भारत में तेंदुओं की बढ़ती आबादी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि तेंदुओं की संख्या में यह उल्लेखनीय वृद्धि जैव विविधता के प्रति भारत के अटूट समर्पण का प्रमाण है। पीएम मोदी ने उन सभी लोगों की भी सराहना की जो वन्यजीव संरक्षण की दिशा में विभिन्न सामूहिक प्रयासों का हिस्सा हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने जानवरों की सात प्रजातियों के संरक्षण के लिए एक संयुक्त गठबंधन विकसित करने के लिए इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस यानी आईबीसीए की स्थापना का रास्ता भी साफ कर दिया है। इस एलायंस का मुख्यालय भारत में होगा। इसे 2023–24 से 2027–28 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए 150 करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि बिग कैट के अंतर्गत मुख्यतः सात बिग कैट आते हैं इनमें प्रमुखतः बाघ, शेर, तेंदुआए हिम तेंदुआ, प्यूमाए जगुआर और चीता शामिल हैं।**

# भारतीयों की जिन्दगी के पांच साल कम कर रहा है वायु प्रदूषण

**हर्षवर्धन भट्ट**

वायु प्रदूषण पर हाल ही में शिकागो यूनिवर्सिटी की ओर से जारी रिपोर्ट में चिंताजनक आंकड़े सामने आए हैं। रिपोर्ट में दुनियाभर के जिन छह देशों में रहने वाले लोगों की जिंदगी पर वायु प्रदूषण का सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है, उनमें भारत का भी नाम शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, वायु प्रदूषण भारत के लोगों की जिंदगी के पांच साल कम कर रहा है, जबकि सिर्फ दिल्ली की बात करें तो स्थिति और भी ज्यादा खराब है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के तय मानक पांच माइक्रोग्राम पर क्यूबिक मीटर की तुलना में देश का सूक्ष्म कण वायु प्रदूषण लोगों की जिंदगी के पांच साल कम कर रहा है। रिपोर्ट में दिल्ली को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बताते हुए कहा गया कि वायु प्रदूषण का यहां रहने वालों के स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है और उनकी जिंदगी के 11.9 साल कम हो रहे हैं।वहीं 2000–2016 के बीच भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश में वायु प्रदूषण के प्रेगनेंसी पर असर को लेकर लैंसेट की ओर से स्टडी की गई है। शोध में सामने आया कि तीनों देशों में प्रदूषण की वजह 29 प्रतिशत प्रेगनेंसी लॉस यानी गर्भपात हुआ। इसमें से अकेले 77 प्रतिशत प्रेगनेंसी लॉस भारत में हुआ, जबकि पाकिस्तान में 12 प्रतिशत और बांग्लादेश में 11 प्रतिशत मामले सामने आए। इस स्टडी में 34,197 महिलाओं को शामिल किया गया था, जिनमें से 27,480 महिलाओं ने मिसकैरेज और 6,717 स्टिल बर्थ (बच्चे की हार्ट बीट गायब होना) झेला। शोध में कहा गया कि प्रदूषण बढ़ने के साथ मानव स्वास्थ्य का खतरा भी बढ़ गया है। शिकागो यूनिवर्सिटी में प्रो. माइकल ग्रीनस्टोन ने कहा कि वायु प्रदूषण से दुनिया भर के लोगों के जीवन पर पड़ रहे प्रभाव का तीन चौथाई हिस्सा सिर्फ छह देशों बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान, चीन, नाइजीरिया और इंडोनेशिया में है। आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि वायु प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाहरी खतरा बना हुआ है। मानव जीवन पर वायु प्रदूषण से सबसे ज्यादा खतरे के मद्देनजर वैश्विक वायु गुणवत्ता अवसंरचना के लिए सामूहिक मौजूदा निवेश अपर्याप्त लगता है। एचआईवी–एड्स, मलेरिया और टीबी के लिए हर साल बड़े वैश्विक कोष का निवेश किया जाता है, लेकिन वायु प्रदूषण के लिहाज से ऐसा नहीं है। स्विस फर्म आईक्यूएयर की लाइव रैंकिंग के मुताबिक, दुनिया के सबसे प्रदूषित 110 देशों की सूची में भारत के तीन शहर राजधानी दिल्ली, कोलकाता और मुंबई हैं। सूची में दिल्ली पहले नंबर पर है। यहां का एक्यूआई 254 है, जिससे दिल्ली पूरी दुनिया में सबसे प्रदूषित शहर है। इसके बाद रैंकिंग में चौथे स्थान पर 216 एक्यूआई के साथ कोलकाता है। इसके बाद दसवें स्थान पर मुंबई है, जहां एक्यूआई 155 रिकॉर्ड किया गया। हाल ही में कानपुर में सात दिन में तीन मौतें सांस लेने में दिक्कतों के चलते हो चुकी हैं। वहीं मेरठ में एक युवक को तेज बुखार आया और रेस्पिरेटरी सिस्टम फेल हो गया। नतीजा युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों का मानना है कि पॉल्यूशन ने फेफड़ों में ऑक्सीजन का लेवल घटा दिया है। पॉल्यूशन से फेफड़ों की नलियां सिकुड़ चुकी हैं। ऑक्सीजन की इनहेलिंग धीरे–धीरे घट रही है। ओपीडी और क्रिटिकल केयर यूनिट में आ रहे मरीजों की जांच में ऑक्सीजन लेवल ठीक नहीं मिल रहा है। चीन के गुआंगडोंग प्रांत में प्रदूषण से होने वाली प्रीमैच्योर डिलीवरी को लेकर एक शोध हुआ। इस शोध में शामिल 687 महिलाओं को प्रीमैच्योर डिलीवरी हुई थी और 1097 महिलाओं को कम वजन वाले बच्चे हुए थे। इनकी तुलना 1766 हेल्दी बर्थ वाली महिलाओं के साथ की गई। गौर करने वाली बात यह है कि चीन के इस प्रांत में पूरे देश के औसत से कम प्रदूषण रहता है। चीन में भी उत्तर भारत की तरह सितंबर–अक्टूबर से वायु प्रदूषण बढ़ना शुरू होता है और गर्मियों में कम होता है। इस शोध में यह पता चला कि प्रेगनेंसी के पहले और आखिरी महीने में महिलाओं और गर्भस्थ शिशु को प्रदूषण से सबसे ज्यादा नुकसान होता है। वहीं अमेरिका में होने वाले कुल प्रीमैच्योर बर्थ में तीन फीसदी की वजह प्रदूषण होता है। ऐसे बच्चों की संख्या 16 हजार है। प्लोस मैगजीन के मुताबिक, दुनिया भर में करीब 60 लाख बच्चे प्रदूषण की वजह से समय से पहले जन्म ले रहे हैं। इनमें से आधे बच्चे अंडरवेट यानी कम वजन के हैं। अजन्मे शिशु के लिए सबसे सुरक्षित स्थान होता है मां की कोख, लेकिन दिल्ली–एनसीआर सहित पूरे उत्तर प्रदेश में वायु प्रदूषण से मां की कोख में पल रहे शिशु भी सुरक्षित नहीं है। बढ़ता प्रदूषण बुजुर्गों और छोटे बच्चों के साथ अजन्मे बच्चों पर भी असर डाल रहा है। यही वजह है कि डॉक्टर इस जहरीली हवा में गर्भवती महिलाओं को बाहर निकलने से रोक रहे हैं। खासतौर पर गर्भावस्था के शुरुआती और आखिरी समय में महिलाओं को घर में ही रहने को कहा जा रहा है। अधिकांश डॉक्टरों ने गर्भवती महिलाओं के लिए ऑनलाइन कंसल्टेंसी शुरू कर दी है। जरूरत पड़ने पर ही महिलाओं को चेकअप के लिए अस्पताल बुलाया जा रहा है।

# भारत के खिलाफ भीतरी चाल रचने वालों की कुचक्र की बू

भारतीय खुफिया एजंसियों द्वारा पाकिस्तान समेत दुनिया के तमाम देशों में रहने वाले दुश्मन या भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचने वालों को भारतीय खुफिया एजेंसियों द्वारा खत्म किया जा रहा है।

ब्रिटिश अखबार ह्यद गार्जियनह्ल में यह खबर प्रकाशित हुई है जिससे पाकिस्तान में अचानक खलबली मच गई है। भारत सरकार ने इस आरोप को सिरे से खारिज करते हुए इसे झूठा और दुर्भावनापूर्ण भारत विरोधी प्रचार बताया। सवाल यह भी उठ रहा है कि पाकिस्तान संभवतः ये हत्याएं स्वयं करवा रहा हो।

द गार्जियन दुनिया भर में बेहद सम्मानित 202 वर्ष पुराना अखबार है। सेंट्रर–लेफ्ट विचारधारा वाला यह अखबार अपने स्कूप्स यानी सनसनीखेज खबरों के लिए भी जाना जाता है। अखबार ने 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उठाए गए साहसिक कदम की भी बात की है। इसने 2020 से अब तक भारत के खिलाफ साजिश रचने वाले बीस आतंकवादियों की हत्या अज्ञात हमलावरों द्वारा होने की भी चर्चा की है।

पाकिस्तानी मीडिया इस रिपोर्ट के हवाले से कह रहा है कि मोदी सरकार ने इन हत्याओं के आदेश दिए और यह भी कि रॉ कुख्यात एजेंसी है। पाकिस्तान को सबसे खतरनाक देश कहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अभी बीते दिनों अचानक उसका समर्थन करते रहने का बयान देकर चौंका दिया था। उधर, चीन का भी पाकिस्तानी के प्रति सकारात्मक रुख स्पष्ट है। ऐसे में जब देश में आम चुनाव चालू है, पाकिस्तान जैसे देश के प्रति अपना झुकाव दर्शाने वाले देश या बयान दीर्घकालिक कूटनीतिक संकेत दे रहे हैं।


अपने देश की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना और आतंक फैलाने के मंसूबों को ध्वस्त करना विश्व शांति के लिए बेहद आवश्यक है।

खासकर ऐसे समय में जब दुनिया भर को आतंकवाद को प्रश्रय देने के मामले में पाक की करतूतें किसी से छिपी नहीं हैं। विभिन्न अवसरों पर विश्व मंच से बार–बार इस बात को दोहराया गया है, और पाकिस्तान को चेतावनी भी दी जाती रही है। विश्व पटल पर तेजी से मजबूत होती जा रहे भारत के प्रति वैमनस्य रखने वाली मानसिकता की अनदेखी नहीं जानी चाहिए।

# हीरामंडी का धमाकेदार ट्रेलर हुआ रिलीज, शाही मोहल्ले की तवायफों की राजसी जिंदगी देख हैरान रह जाएंगे

इस साल कई वेब सीरीज दर्शकों के बीच आने वाली है, लेकिन संजय लीला भंसाली की हीरामंडी को लेकर दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्साह है और हो भी क्यों न, भंसाली इसके निर्माण और निर्देशन से जो जुड़े हैं।इससे जुड़ीं अब तक कई रोचक जानकारियां सामने आ चुकी हैं, वहीं सीरीज से सामने आई अभिनेत्रियों की झलक ने भी इसकी रिलीज को लेकर दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया है।अब हीरामंडी का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

हीरामंडी का ट्रेलर देख तो ऐसा ही लग रहा है कि भंसाली लाहौर में बसे शाही मोहल्ले हीरामंडी में बसीं रानियां सरीखीं तवायफों की एक शानदार कहानी दर्शकों के बीच लेकर आने वाले हैं।तवायफों की दास्तां बेहद करीब से बयां करती इस सीरीज में मनीषा कोइराला से लेकर सोनाक्षी सिन्हा तक का अंदाज और अदाकारी देखने लायक है, वहीं उनके दमदार डायलॉग भी ध्यान खींच रहे हैं।उधर हीरामंडी का सुंदर और आलीशान सेट भी देखते ही बनता है। इस सीरीज में ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, अदिति राव हैदरी, फरदीन खान और अध्ययन



सुमन, शेखर सुमन और ताह शाह जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।इसमें देश की आजादी के दौरान तवायफों की जीवनशैली उनके संघर्ष के बारे में दिखाया जाएगा, जैसा कि ट्रेलर में भी दिख रहा है।यह सीरीज उस दौर में लेकर जाएगी, जब हमारा देश आजादी के लिए लड़ाई लड़ रहा था और उसी दौरान एक हीरामंडी जैसा लोक भी था।

भंसाली कहते हैं, मैं बड़ी फिल्में बनाता हूं और यह मेरे लिए स्वाभाविक है, लेकिन जब मैं ओटीटी पर आया तो मैंने कुछ बड़ा किया। यह अब तक का मेरा सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है, इसलिए मैंने यह किया। यह एक फिल्म देखने जैसा होगा।उनके मुताबिक, यह सिर्फ एक सीरीज नहीं, बल्कि एक दुनिया है और मैं दुनियाभर के दर्शकों के लिए नेटफ्लिक्स पर हीरामंडी के दुनिया में ले जाने के लिए तैयार हूं। मैं इसके लिए बेहद उत्सुक हूं।

हीरामंडीः द डायमंड बाजार 1 मई को नेटफ्लिक्स पर आएगी। हीरामंडी पर भंसाली पहले फिल्म बनाने की सोच रहे थे, लेकिन फिर नेटफ्लिक्स को ये कहानी इतनी पसंद आई कि उन्होंने सीरीज की पेशकश कर दी।भंसाली के मुताबिक, हीरामंडी बनाने का विचार उन्हें 15 साल पहले उनके दोस्त मोईन बेग ने दिया था, लेकिन तब वह इस पर काम नहीं कर पाए। ये सीरीज भंसाली ने मुगल–ए–आजम की तरह बनाई है।

## संजू सैमसन पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

जयपुर, राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ये राजस्थान के लिए सीजन में पहली हार के बाद दूसरा झटका है। सैमसन पर यह जुर्माना बुधवार को जयपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले के बाद लगाया गया। संजू को स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया है। आईपीएल ने मीडिया रिलीज में कहा,आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार यह राजस्थान के कप्तान की इस सीजन की पहली गलती है इसलिए उन्हें सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है। सैमसन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

संजू सैमसन ने 38 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाए और रियान पराग (78) के साथ 130 रनों की अहम साझेदारी की, जिससे राजस्थान ने 20 ओवरों में 196/3 का शानदार स्कोर बनाया।

जवाब में इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में 7 विकेट पर इसे हासिल कर लिया। हार के बावजूद, आरआर अभी भी अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर है। अब शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने के लिए टीम मुल्लांपुर जाएगी।

# टी20 वर्ल्ड कप से कट सकता है जायसवाल का पत्ता!

जयपुर, टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का सेलेक्शन जल्द होने वाला है। इस सेलेक्शन में आईपीएल 2024 में खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अहम होगा। इस बीच आईपीएल 2024 के मैच नंबर 24 में राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस की टक्कर हुई। फैंस को उम्मीद थी कि खराब फॉर्म से जूझ रहे यशस्वी जायसवाल का बल्ला इस मुकाबले में चलेगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

गुजरात के खिलाफ यशस्वी जायसवाल 24 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें उमेश यादव ने विकेटकीपर मैथ्यू वेड के हाथों कैच कराया। अब तक ये सीजन यशस्वी के लिए बेहद खराब रहा है। उन्होंने अपने पहले पांच मुकाबलों में



केवल 63 रन बनाए हैं, जिसमें 24 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। अगर इस युवा बल्लेबाज को आगामी वर्ल्ड कप में अपनी जगह बनानी है, तो उन्हें बड़ी या असरदार पारी खेलनी होगी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने पहले ही ऐलान कर दिया था कि रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान रहेंगे और ऐसे में एक ओपनर वो ही रहेंगे। अब सवाल है कि उनका पार्टनर कौन होगा। वैसे तो इस रेस में कई दावेदार हैं, लेकिन सबसे बड़ी टक्कर गिल और जायसवाल के बीच है, जो पिछले एक साल में इस पोजिशन में लगातार खेल रहे हैं। हालांकि, शुभमन गिल का प्रदर्शन भी अब तक कुछ खास नहीं रहा लेकिन उनके आंकड़े जायसवाल के मुकाबले बेहतर हैं। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के 5 पारियों के स्कोर कुछ ऐसे हैं– 24, 5, 10, 0, 24। यानी 5 पारियों में सिर्फ 63 रन।

# बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज डेट आगे बढ़ी, मैदान से क्लैश के बीच मेकर्स का बड़ा फैसला

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. दोनों स्टार्स लंबे समय से मजेदार अंदाज में फिल्म के प्रमोशन में लगे हुए हैं. फाइनली 10 अप्रैल को फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी. लेकिन ठीक एक दिन पहले फिल्म की रिलीज डेट को बदल दिया गया है. जी हां, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर बड़े मियां छोटे मियां अब 10 अप्रैल को रिलीज नहीं होगी.

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की इस मच अवेटेड फिल्म की रिलीज की डेट आगे बढ़ने की खबर सुनकर फैंस को निराशा तो हुई होगी. लेकिन फिल्म के लिए मेकर्स ज्यादा इंतजार नहीं करवा रहे हैं. 10 अप्रैल से हटकर फिल्म की रिलीज डेट बस एक दिन आगे बढ़ गई है. अब ये फिल्म ईद के खास मौके पर यानी 11 अप्रैल को रिलीज की जाएगी.

लेकिन एक दिन पहले फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ाने की वजह क्या थी? इसका जवाब खुद अक्षय और टाइगर ने दिया है. अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ हाल ही में अपनी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के प्रमोशन के लिए संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे थे, जहां उन्होंने फैंस को एडवांस में ईद मुबारक विश किया था. इस दौरान उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर जानकारी दी थी कि फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ गई है.

दरअसल, फिल्म को ईद के मौके पर ही रिलीज किया जाना था जो 10 अप्रैल को होनी थी. लेकिन ईद 1 दिन आगे बढ़ गई. इसी वजह से मेकर्स को फिल्म की रिलीज डेट को भी आगे बढ़ाना पड़ा. फिल्म की रिलीज को आगे बढ़ने की वजह से अब फिल्म के पेड प्रिव्यू शोज नहीं चलाए जाएंगे. दर्शकों अब ये फिल्म सीधे थिएटर्स में देखनी होगी.

## कैमरे के सामने दिशा पाटनी ने दिखाईं कातिलाना अदाएं, हॉट फोटोशूट देखकर घायल हुए फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने बोल्ड फिगर और स्टनिंग फैशन सेंस के कारण लोगों के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं। एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपनी ग्लैमरस अदाओं को लेकर फैंस के बीच काफी पॉपुलर रहती हैं। हालांकि फैंस भी उनकी हर एक झलक पाने के लिए फोटोज का बेसब्री से इंतजार करते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। दिशा पाटनी ने अपने इस लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर का डीपनेक गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही हॉट और ग्लैमरस नजर आ रही हैं।

# आईपीएल 2024 में रियान पराग का वर्जन 2.0

जयपुर, राजस्थान रॉयल्स के स्टार खिलाड़ी रियान पराग का शानदार फॉर्म जारी है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ उन्होंने इस सीजन का अपना तीसरा अर्धशतक लगाया। घरेलू दर्शकों के सामने उन्होंने तूफानी पारी खेलते हुए चौके–छक्कों की बारिश की। आलम ये था कि पूरा सवाई मानसिंह स्टेडियम उनके नाम से गूंज उठा।

सोशल मीडिया पर अक्सर ट्रोलर्स का शिकार बनने वाले रियान पराग ने बाहरी किसी भी चीज को खुद पर हावी नहीं होने दिया। आरआर टीम मैनेजमेंट ने हमेशा इस युवा बल्लेबाज को उनके खराब दौर में सपोर्ट किया, लेकिन इस सीजन की कहानी थोड़ी अलग है।



रियान को टारगेट करने वाले शायद अब समझ चुके हैं कि आखिर आरआर इस खिलाड़ी को इतना सपोर्ट क्यों करती है।आईपीएल 2024 में टीम मैनेजमेंट ने रियान पराग के बैटिंग ऑर्डर में बदलाव करते हुए उन्हें नंबर 4 पर प्रमोट किया है। शायद ये बदलाव घरेलू सर्किट में उनके दमदार प्रदर्शन को देख कर किया गया हो। पिछले कई सीजन रियान पराग के लिए अच्छे नहीं रहे, लेकिन बुधवार को सीजन में पहली हार झेलने के बावजूद राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग और उनकी बेखौफ बल्लेबाजी की फैंस चर्चा कर रहे हैं। लंबे समय तक खराब फॉर्म झेल रहे पराग ने पहले घरेलू सर्किट में शानदार प्रदर्शन किया और अब उसे आईपीएल में भी जारी रखा। 43, नाबाद 84, नाबाद 54, 4 और अब 76... ये पिछले पांच मैच में रियान पराग के स्कोर हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर रियान ने सीजन का तीसरा अर्धशतक जड़ा। अब ऑरेंज कैप की रेस में उनसे आगे सिर्फ विराट कोहली ही चल रहे हैं। खास बात ये है कि इस सीजन में उनकी किस्मत भी उनका पूरा साथ दे रही है।

# ठंडी पड़ी योजना, पानी को ढ़ाई किमी. दौड़ लगा रहे ग्रामीण

● प्रखंड कल्जीखाल के अंतर्गत ग्राम सभा कांडा का तोक गांव मरगांव में बनी है समस्या

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गर्मी बढ़ने के साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। हालत यह है कि प्रखंड कल्जीखाल के अंतर्गत ग्राम सभा कांडा का तोक गांव मरगांव के ग्रामीणों को वर्षों पूर्व बनी कांडा सकिनखेत रिंगवाड़ पेयजल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यहां तक कि विभाग की लापरवाही के चलते ग्रामीणों को हर घर जल हर घर नल योजना का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों को पानी के लिए ढाई किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। वर्तमान में गांव में चालीस परिवार निवास कर रहे है। मतदाताओं से देखें तो लगभग 12 सौ वोटर है। जिनमें से कई वोटर बहुत ही वृद्ध भी हो चुके हैं। सबसे ज्यादा परेशान वृद्ध लोगों को ही होती है। गांव के निकट प्राकृतिक स्त्रोत भी सूखने के कगार पर पहुंच गया है। पेयजल के अलावा ग्रामीणों को अपने मवेशियों के लिए पानी उपलब्ध करवाने में कठिनाई हो रही है। जिसके चलते गांव से कई परिवार पलायन के लिए मजबूर हो चुके हैं। इस संबध में जब ग्रामीणों से वार्ता की गई तो ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यदि पेयजल व अन्य मूलभूत समस्याएं इसी तरह से बनी रही तो वह दिन दूर नहीं जब पूरा गांव पलायन के लिए मजबूर हो जाएगा। लगभग 83 के दशक में ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सकिनखेत कांडा रिंगवाड पेयजल योजना का निर्माण करवाया गया था। योजना पर कुछ साल तक को पेयजल आपूर्ति सुचारू रही। लेकिन उचित देखरेख के अभाव में योजना पर लगातार पेयजल बाधित रहा। जिससे ग्रामीणों को पेयजल योजना का कोई लाभ नहीं मिल सका। जबकि विभाग योजना के नाम पर प्रतिवर्ष लाखों



पानी के इंतजार में सूखा पड़ा नल

रूपए पानी की तरह बहा रहा है। ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि इस संबध में विभागीय अधिकारियों को लिखित व मौखिक रूप से अवगत करवाया गया। लेकिन विभाग आंखे मूंदे बैठा है। ग्रामीण मोहन सिंह, अरूणा देवी, महेश्वरी देवी, आशा देवी, सुमन देवी का कहना है कि जहां एक ओर ग्रामीण पेयजल से त्रस्त है, वहीं स्वास्थ्य व शिक्षा का भी बुरा हाल है। गांव का प्राथमिक विद्यालय विगत एक साल से मात्र एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहा है। गांव के लिए बनी ब्रांच रोड़ भी क्षतिग्रस्त हो गई है। कई बार सांसद व विधायक के समक्ष समस्याएं उठाई गई। लेकिन आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला। ग्राम सभा में मनरेगा के तहत किए गए कार्यों का भुगतान भी लंबे से समय से नहीं हो पाया है। ग्रामीणों को मजबूरी में पानी नहीं तो वोट नहीं का निर्णय लेना पड़ा। ग्रामीण मोहन सिंह भंडारी का कहना है कि वर्तमान में गढ़वाल लोकसभा संसदीय क्षेत्र के चुनाव हो रहे है। सभी पार्टियों के नेता राष्ट्रीय स्तर की बात तो अवश्य कर रह रहे हैं। लेकिन ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं पर बात करने को तैयार नहीं हैं। लगातार बढ़ती मूलभूत समस्याओं को देखकर गांव से कई परिवार पलायन कर चुके हैं व कई परिवार पलायन करने को तैयार बैठे हैं।

# देश में अमन चैन के लिए उठे हाथ, गले मिलकर कहा ईद मुबारक

### कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया ईद-उल-फितर का त्योहार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। ग्रास्टनगंज स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने अल्लाहताला से अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाते हुए ईद की बधाईयां दी।

गुरुवार सुबह बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग ग्रास्टनगंज स्थित ईदगाह में एकत्रित हुए। यहां मौलाना बदरुल हसन अंसारी ने ईद की नमाज अदा करवाई और लोगों से भाईचारा बनाए रखने की अपील की। कहा कि हमें सभी धर्मों का सम्मान करते रहना चाहिए।



कोटद्वार में नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग

कहा कि ईद-उल-फितर इस बात का जश्न है कि खुदा ने इंसानों की रहनुमाई की और उन्हें सफलता की राह पर चलाया।

कहा कि हमें समाज में रहने वाले हर गरीब व असहाय व्यक्ति की मदद के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने सभी लोगों से अपने बच्चों को भी अच्छी शिक्षा देने की बात कही। वहीं नमाज के बाद अकीदतमंदों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद को देखते हुए ईदगाह के साथ ही अन्य मस्जिदों में भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था। लोगों ने अपने घरों में अच्छे-अच्छे पकवान बनाकर एक दूसरे को निमंत्रण पर बुलाया।

## एक नजर

### शराब की फैक्ट्री में पहुंची एफएसटी टीम

सतपुली : एकेश्वर ब्लाक के मलेठी स्थित एक शराब की फैक्ट्री में अवैध शराब तस्करी की सूचना पर निर्वाचन आयोग की एफएसटी टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान फैक्ट्री में ताले मिले। गुरुवार को जिला प्रशासन को इस फैक्ट्री में अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली। जिससे हड़कंप मच गया। शिकायत पर निर्वाचन आयोग की एफएसटी टीम मौके पर पहुंची, लेकिन फैक्ट्री में ताले लगे होने से टीम मामले की जांच नहीं कर पाई।

### अनिल बलूनी के लिए मांगे वोट

श्रीनगर गढ़वाल : भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रीकोट और श्रीनगर में घर-घर जाकर गढ़वाल लोस से प्रत्याशी अनिल बलूनी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मिस्त्री मोहल्ले में अनुसूचित मोर्चा के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विकास के नाम पर अनिल बलूनी के पक्ष में वोट मांगे। इस मौके पर विभोर बहुगुणा, गुड्डी गैरोला, सुलोचना रावत, पार्वती पटवाल, सुनीता गैरोला, कैलाश कर्पवाण, सरिता आर्य, प्रमिला देवी, माया देवी, नीतू देवी, सुशीला देवी, कुशलानाथ आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### साइंस एवं आर्ट्स क्लब के अध्यक्ष बनें आशुतोष

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर में साइंस एवं आर्ट्स क्लब की वार्षिक बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आशुतोष नेगी को अध्यक्ष, ज्योति प्रजापति को सचिव, ऑस्कर मिश्रा को कोषाध्यक्ष, अस्मिता बहुगुणा को मीडिया प्रभारी और शरण्या को लेख-ाकार चुना गया। क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष आशुतोष नेगी ने कहा कि विज्ञान एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए क्लब की ओर से विवि में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। (एजेंसी)

### भाजपा ने चुनावी समर में झोंकी पूरी ताकत

उत्तरकाशी : भाजपा ने चुनावी समर में पूरी ताकत झोंक दी है। जहां बड़े नेता जनसभाएं और कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर मतदाताओं को लुभाने में जुटे हुए हैं तो, वही नई रणनीति के तहत अब सांस्कृतिक कला मंचो द्वारा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जनता को सरकार की योजनाओं से रूबरू करवा रहे हैं। भाजपा ने सांस्कृतिक कला मंचों की पूरे प्रदेश में करीब 29 टीमों को लगाया हुआ है। यमुनोत्री विधान सभा के अंतर्गत बड़कोट में नुक्कड़ नाटक करते हुए जौनसारी जनजाति लोक कला समिति द्वारा मोदी सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं को नाटक के द्वारा प्रचार प्रसार किया । समिति के टीम लीडर डॉ. नंदलाल भारती ने बताया है कि उनकी टीम को यमुनोत्री, पुरोला , गंगोत्री विधान सभा की जिम्मेदारी दी गई है। जिसके लिए 1 अप्रैल को भाजपा प्रदेश कार्यालय में ऑडिसन हुआ था और चयन के बाद भाजपा की उपलब्धि के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया और हर मुख्य बाजारों में जनजागरण प्रचार के रूप में नुक्कड़ नाटक किया जा रहा है। भाजपा की इस रणनीति के तहत प्रचार के इस माध्यम में खासी भीड़ जुट रही है। जिसमे आयुष्मान कार्ड, यूसीसी, धारा 370, राममंदिर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं से जागृत किया जा रहा है। (एजेंसी)

### कर्मचारियों और छात्रों ने ली मतदान की शपथ

चमोली : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी की प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी ने मतदान को जागरूक करने को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों, छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलवाई गई। इस मौके पर प्राचार्य प्रो .नेगी ने मतदान अवश्य करने की अपील की। जबकि बीना बोरा ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए गढ़वाली भाषा में टक लगै कि सुणा मेरु यू रैबार, दीदी भूली तुम सभी ह्याई जावा तैयार गाना प्रस्तुत कर मतदान को प्रेरित किया।

# बच्चों के बेहतर विकास के लिए सहयोग करें अभिभावक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के पदमपुर मोटाढ़ाक स्थित रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में गुरुवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में छात्र-छात्राओं की प्रगति के लिए अभिभावकों से सहयोग की अपील की गई।

गोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय के नव नियुक्त प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह नेगी ने अपना परिचय देते हुए अभिभावकों से छात्र-छात्राओं की प्रगति के लिए सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावकों को अपने पाल्यों के अध्ययन के स्तर पर नजर रखनी चाहिए और उसे गलत संगति में जाने से रोकना चाहिए। आचार्य अशोक ने विद्यालय में संचालित गतिविधियों के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में ई–लर्निंग की व्यवस्था भी संचालित हो रही है, जिसका छात्र–छात्रा लाभ उठा सकते हैं।

अभिभावकों ने भी विद्यालय की प्रगति के लिए अपने सुझाव साझा किए। गोष्ठी में विद्यालय के सभी आचार्य सहित समस्त अभिभावक मौजूद रहे।

### जंगली जानवरों से निजात दिलाने की मांग

कोटद्वार : सनेह क्षेत्र के लोगों ने वन विभाग से हाथी के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है। कहा कि आए दिन हाथी आबादी में पहुंचकर काश्तकारों की फसल को बर्बाद कर रहा है। ऐसे में काश्तकारों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। सनेह पट्टी के रामपुर निवासी मोहन सिंह रावत, बालम सिंह, महानंद ध्यानी, हसवंत सिंह ने कहा कि वन सीमा से सटे क्षेत्रों में हाथी और गुलदार की धमक बनी है। वहीं फसलों की सुरक्षा भी चुनौती बन गई है। उन्होंने वन सीमा से सटे क्षेत्रों वन्यजीवों की आवाजाही रोकने के लिए हाथी रोधी दीवारों व सोलर फेंसिंग की मरम्मत करने, वन सीमा से सटे पूरे क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की। वहीं डीएफओ नवीन पंत ने कहा कि कई क्षेत्रों में हाथी रोधी दीवार बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग पर विचार कर प्रस्ताव बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजे जाएंगे।

# जनता का आशीर्वाद मिला तो संसद में बनूंगा गढ़वाल की आवाज : गोदियाल

### कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र में किया जनसंपर्क

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कहा कि पिछले दस वर्षों में गढ़वाल क्षेत्र की सबसे अधिक अनदेखी हुई है। यदी जनता का आशीर्वाद मिला तो वह संसद में गढ़वाल की आवाज बनेंगे। कहा कि संसद में क्षेत्रीय मुद्दों को गंभीरता के साथ उठाया जाएगा। आज पहाड़ में जनता मूलभूत सुविधाओं को तरस रही है। ऐसे में अब मतदाताओं ने बदलाव का भी पूरा मन बना लिया है।

गुरुवार को कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने जणदा देवी में वीरांगना तीलू रौतेली की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उन्होंने किर्खू, धरासू, रणस्वा, जणदा देवी, एकेश्वर, नौगांवखाल का भ्रमण किया। चौबट्टाखाल में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए गणेश गोदियाल ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में रहकर केवल जनता का शोषण किया। आज भी ग्रामीण स्वास्थ्य, शिक्षा व रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। केंद्र ने अग्निवीर योजना लागू कर पहाड़ के युवाओं के साथ धोखा किया है। इस बार चुनाव में युवा इसका



भ्रमण के दौरान जनता का अभिवादन करते गणेश गोदियाल

जवाब अवश्य देंगे। महंगाई ने आमजन की कमर तोड़कर रख दी है। पहाड़ों से ग्रामीण पलायन को मजबूर हो रहे हैं। अंकिता भंडारी हत्याकांड में भी भाजपा के शीर्ष नेता चुपी साधे हुए है। कहा कि जनता के आशीर्वाद मिलने पर वे संसद पहुंचते है तो वे अग्निवीर योजना को समाप्त करने के लिए आवाज उठाएंगे। वनंतरा प्रकरण की सीबीआई जांच करवाएंगे। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह रावत, कविंद्र ईष्टवाल, राजपाल बिष्ट, जसपाल सिंह, नरेंद्र सिंह नेगी मौजूद रहे।

# लोकतंत्र की मजबूती को अवश्य करें मतदान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी, रोवर-रेंजर्स इकाई की ओर से मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आमजन से लोकसभा चुनाव में अवश्य मतदान करने की अपील की। कहा कि जनता का एक वोट देश को तरक्की के पथ पर आगे बढ़ा सकता है। इस दौरान तीनों इकाईयों ने नुक्कड़ नाटक व रैली भी निकाली।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो. पीएन यादव ने किया। सर्वप्रथम छात्रों ने महाविद्यालय से रैली निकाली। विभिन्न मार्गों से होते हुए रैली महाविद्यालय में संपन्न हुई। रैली में छात्र-छात्राएं 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो...', 'लोकतंत्र में हिस्सेदारी, हम सब की है...' भागीदारी स्लोगन लिखी हुई तख्तियां हाथ में लेकर नारे लगा रहे थे। रैली संपन्न होने के बाद महाविद्यालय पहुंचने पर छात्रों ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। मतदाता साक्षरता क्लब के संयोजक डॉ. अजीत सिंह ने मजबूत



मतदान जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व अन्य

लोकतंत्र के लिए मतदान को जरूरी बताया। कहा कि सभी मतदाताओं को आलस्य त्यागकर मतदान केंद्रों में मतदान करने के लिए जाना जरूरी है। इस मौके पर प्रो. वीसी शाह, प्रो. प्रीति रानी, डॉ. रोशनी अग्रवाल, डॉ. चंद्रप्रभा कंडवाल, डॉ. नंदी गिढिया, डॉ. शोभा रावत, डॉ. अंशिका बंसल, डॉ. अरुणिमा मिश्रा, डॉ. सुरभि मिश्रा, डॉ. स्मिता तिवारी मौजूद रहे।

### नवरात्रि पर भजनों की प्रस्तुति ने मोहा मन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नवरात्रि के पावन अवसर पर कोट ब्लॉक के भुवनेश्वरी सिद्धपीठ में तीसरे दिन दैनिक पूजन पाठ के साथ-साथ सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान कीर्तन मंडलियों ने भजनों की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोहा।

गुरूवार को नावरात्रि के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने नवदुर्गा कीर्तन मंडली घुड़दौड़ी, डांडा पानी, शिवशक्ति मंडली आदि टीमों ने सभी को अपने भजनों से आकर्षित किया। इस दौरान पूरा परिसर मां के जयकारों से गूंजता रहा। इसके साथ ही आचार्य हरीश ममगांई के राम कथा का श्रवण किया। आचार्य नवीन ममगाईं ने बताया कि प्रतिदिन यहां पर भजन प्रतियोगिता में विभिन्न मंडलियां प्रतिभाग कर रही हैं।

# डॉ. अंबेडकर के विचारों को आत्मसात कर आगे बढ़ने की ले प्रेरणा

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के मूल्यों के उन्नयन में विचारों की प्रांसगिकता पर शैक्षिक सीएमई तथा पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा साहब के विचारों एवं उनके द्वारा देश और समाज को दिये गये योगदान पर संकाय सदस्यों, एमबीबीएस छात्रों, पैरामेडिकल छात्रों ने प्रकाश डालते हुए उनके विचारों से संकल्प लेने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत ने कहा कि बाबा साहब ऐसे समाज सुधारक व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत में सामाजिक असमानता को दूर करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। बाबा साहब का सूत्र था शिक्षा, संगठन और संघर्ष। उन्होंने स्वतंत्रता, समानता व बंधुता का पाठ पढ़ाया। आज उनके आदर्श को अपनाने के साथ ही उनके विचारों को जीवन में हरके व्यक्ति को आत्मसात कर आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन श्रीनगर के समन्वयक प्रदीप अंथवाल ने कहा कि हमारा देश 15 अगस्त सन 1947 को आजाद हुआ, जिसके बाद एक नई संविधान व्यवस्था की आवश्यकता थी। जिसकी जिम्मेदारी डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी गई। देश व विश्व का सबसे बड़ा संविधान 1949 में बनकर तैयार हुआ और यह 26 जनवरी 1950 में हमारा संविधान लागू हुआ।

# ईद-उल-फितर पर मांगी अमन और शांति की दुआ



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गुरूवार को ईद-उल-फितर की नमाज अता की। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमन और शांति के लिए दुआ मांगी। ईद के साथ ही रमजान का पवित्र महीना खत्म हो गया है। इस महीने को मुस्लिम समुदाय के लोग पवित्र महीना मानते हैं और 30 दिन रोजे रखते हैं।

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने लोअर बाजार और माल रोड पर स्थित मस्जिद में नमाज अदा कर देश-दुनिया में अमनो-अमान की दुआ मांगी। लोअर बाजार स्थित इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष इनायत हुसैन ने बताया कि ईद का त्योहार भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के छोटे-बड़े सभी लोगों ने एक-दूसरे के गले लग कर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान घरों में कई तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। लोग एक-दूसरे के घर जाकर इन व्यंजनों को खाते हैं। वहीं एक-दूसरे को मिठाइयां बांटकर भी ईद मनाते हैं।

### सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

श्रीनगर गढ़वाल : नवरात्री के तीसरे दिन गुरुवार को मां दुर्गा के तीसरे रूप चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की गई। नगर क्षेत्र के शीतला माता मंदिर, कंसमर्दनी, बंगलामुखी, सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर, देवलगढ़ स्थित राजराजेश्वरी गौरा देवी के मंदिर में भक्तों की भीड़ उमडी। मंदिर परिसर में पौड़ी के दुगड्डा ब्लॉक के बल्ली गांव की महिला कीर्तन मंडली ने मां भगवती के द्वार पर कीर्तन भजन से वातावरण को भक्तिमय किया। सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर के पुजारी रमेश चंद्र पांडे ने बताया कि मां धारी की पूजा-अर्चना करने लिए एक दंपति आस्ट्रेलिया से पहुंचे थे। उन्होंने विधि विधान के साथ मां भगवती की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान कलियासौड़ सावित्री देवी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# पुलिस ने कोटद्वार बाजार में निकाला फ्लैग मार्च

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक संपन्न कराये के लिए पुलिस ने कोटद्वार बाजार में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान आमजन से बिना किसी भय के मतदान करने की अपील की गई। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हमें अवश्य अपने मत का प्रयोग करना चाहिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरुवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान दौरान आम जनता से आगामी लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने, किसी भी राजनैतिक पार्टी या व्यक्ति विशेष द्वारा किसी भी प्रकार के दबाव में न आने, किसी प्रकार का उपहार प्राप्त न करने व अधिक से अधिक एवं भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की गयी। वहीं दूसरी ओर असामाजिक व अराजक तत्वों को सख्त हिदायत दी गई कि चुनाव के दौरान व्यवस्था प्रभावित करने के प्रयास किए गए तो उनके विरुद्ध कठोर से कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।





: कोटद्वार में फ्लैग मार्च निकालती पुलिस

# पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : फ्लैग मार्च के दौरान मतदाताओं को सुरक्षा का अहसास कराते हुये निर्भीक होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। जवानों ने कोतवाली पौड़ी क्षेत्र में कंडोलिया तिराहा, छतरीधार, लक्ष्मीनारायण मंदिर, बस अड्डा पौड़ी, कस्बा प्रेमनगर, माल रोड, कलक्ट्रेट रोड से एजेंसी चौक तक संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला।

प्रभारी निरीक्षक पौड़ी एनके भट्ट ने बताया कि पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना व चुनाव के इस महापर्व में आम जनमानस को बेझिझक मतदान के लिए प्रेरित करना है। साथ ही फ्लैग मार्च के माध्यम से आम जनता को भयमुक्त होकर बिना किसी दबाव के मतदान करने के लिए आश्वस्त किया गया। वहीं असामाजिक व अराजक तत्वों को सख्त हिदायत दी कि चुनाव के दौरान यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी/कानून व्यवस्था प्रभावित करने के प्रयास किए जाएंगे तो ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक संतोष पैंथवाल, अनिल, परमजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



### नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने वालों की अब खैर नहीं

श्रीनगर गढ़वाल : यातायात नियम की अनदेखी कर नो पार्किंग जोन पर वाहन खड़े करने वालों की अब खैर नहीं है। नो पार्किंग जोन पर खड़े वाहनों को उठा कर ले जाने में सहूलियत के लिए श्रीनगर पुलिस को एक मिनी क्रेन उपलब्ध हो गई है। अब यातायात पुलिस लापरवाह और यातायात नियम की अनदेखी करने वाले चौपहिया एवं दोपहिया वाहन खड़े कर घंटों गायब होने वाले चालकों के वाहन को मौके से ही उठा कर कार्रवाई करेगी। वाहनों के नो पार्किंग जोन में खड़े होने के कारण श्रीनगर में जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। गुरुवार को लोगों को फुटपाथ और नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने वालों को हिदायत देने के लिए पुलिस ने अभियान चलाया। जिसमें उन्होंने लोगों से नो पार्किंग जोन में वाहन न खड़े करने की अपील की। यातायात पुलिस के उपनिरीक्षक नीरज शर्मा ने बताया कि पौड़ी पुलिस के माध्यम से दो मिनी क्रेन उपलब्ध हुई हैं, जिसमें से एक कोटद्वार भेजी जायेगी। जबकि एक क्रेन पहले से उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जल्द ही नो पार्किंग जोन पर वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा। (एजेंसी)

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला सहकारी बैंक लि0 गढ़वाल द्वारा मुझे दिनांक 28-03-2018 को ग्राम गन्डरियाखाल, पट्टी सुखरो, तहसील कोटद्वार गढ़वाल के खाता सं0111, 112, 113 एवं 114 मध्ये 0.192 हैक्टेयर भूमि जरिये पंजीकृत प्रमाण पत्र दी गई है जो जिला सहकारी बैंक ने श्रीमती कान्ता कुकरेती पत्नी कैलाश चन्द्र कुकरेती की अपने बैंक में बन्धक रहने के दौरान नीलाम कर प्राप्त की गयी थी। उक्त भूमि श्रीमती कान्ता कुकरेती द्वारा श्रीमती शकुन्तला देवी से 06-09-2013 को एवं श्रीमती बस्ती डेवी व श्री आनन्दमणि से 31-10-2014 को क्रय की गयी थी। श्रीमती शकुन्ता देवी, श्रीमती बसन्ती देवी व श्री आनन्दमणी द्वारा उक्त भूमि में से प्रत्येक ने क्रमशः 0.064 है0 भूमि श्रीमती प्रकाशी देवी से क्रमशः दिनांक 15-02-2012 को क्रय की गयी थी। उपरोक्त दिनांकों को पंजीकृत विलेखों में से श्रीमती शकुन्तला देवी, श्रीमती बसन्ती देवी व श्री आनन्दमणी के नाम पर क्रमशः 0.064 है0 भूमि के दिनांक 15-02-2012 के तीनों मूल बयनामें जो श्रीमती प्रकाशी दरेवी द्वारा निष्पादित किए गए थे मुझसे कहीं खो गए हैं जो काफी खोजबीन करने के बावजूद नहीं मिल पा रहे है। इस सन्दर्भ में कोतवाली कोटद्वार में मेरे द्वारा दिनांक 11-04-2024 को गुमशुदगी पंजीकृत करवायी गयी है। मेरे द्वारा उक्त भूमि पर इंडियन ओवरसीज बैंक कोटद्वार से ऋण हेतु आवेदन किया जा रहा है यदि किसी सर्वजन को इस सन्दर्भ में कोई आपत्ति हो तो उक्त बैंक से सम्पर्क करें।

**कैलाश चन्द्र कुकरेती**
**मोबाइल नंबर 8218533453**

## एक नजर

### विधायक सुरेश ने महारानी के लिए मांगे वोट

उत्तरकाशी : गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने टिहरी सीट से भाजपा प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने मातली, बंदरकोट, बौन, जुगुल्डी ,पंजियाला, गेंवला चिंणाखोली, पाब सिंगोट, कुंसी में जनसंपर्क कर भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील की। विधायक चौहान ने कहा कि हर एक वोट भारत की तस्वीर और तकदीर बदलेगा। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए समर्थन मांगा। (एजेंसी)

### निगरानी तंत्र और सूचना प्रबंधन की पूरी व्यवस्था करें : डीएम

उत्तरकाशी : जिलाधिकारी ने कहा कि बूथों पर वोटर फेसिलिटेशन प्रबंधन के लिए तय व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के साथ ही सत्तर वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं की सहायता के लिए पूरी तैयारी रखी जाय। कानून-व्यवस्था से संबंधित मामलों, आचार संहिता का पालन कराने को कहा। वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग और पोल डे मैनेजमेंट के इंतजामों की समीक्षा करते हुए निगरानी तंत्र और सूचना प्रबंधन की व्यवस्था पूरी करने को कहा। (एजेंसी)

### आरएसएस स्वयं सेवकों ने किया पथ संचालन

चमोली : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों ने गुरुवार को गैरसैंण नगर में पथ संचालन किया। सरस्वती शिशु मंदिर से पथ संचलन शुरू हुआ। डाक बंगला, तहसील रोड, जीएमवीएन, गैरसैंण तिराहा तक पथ संचलन हुआ। पथ संचालन का नेतृत्व सह प्रांत प्रचारक चंद्र शेखर भट्ट कर रहे थे। पथ संचलन में जिला संघ चालक दिगंबर, रामचंद्र गौड़, मंगल नारायण, पीबी शर्मा, पृथ्वी बिष्ट, संजय रावत, महावीर रावत, मनवर राणा, राहुल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग उठाई

चमोली : जोशीमठ विकासखंड के दूरस्थ गांव डुमक के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग उठाई है। ग्रामीण पिछले तीन माह से गांव को निर्माणाधीन सैंजी-मैकोट-डुमक-कलगोठ मोटर मार्ग से जोडने की मांग कर रहे हैं। विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह का कहना है कि साल 2010 सैंजी-मैकोट से डुमक-कलगोठ तक के लिए 32 किमी. सड़क स्वीकृत हुई थी। आरोप है कि कार्यदायी संस्था पीएमजीएसवाई पोखरी डिविजन ने इसके एलानमेंट में बदलाव कर दिया। उनके गांव को निर्माणाधीन सड़क से अलग कर दिया गया है। निर्माणाधीन सड़क डुमक गांव से नहीं जाएगी और सीधे कलगोठ तक बनाई जा रही है। समिति अध्यक्ष का कहना है कि जनवरी में कार्यदायी संस्था के वरिष्ठ अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के अंदर उनके गांव तक सडक निम्रण का काम शुरू हो जाएगा।

### जनसंपर्क कर बाबी ने मांगे वोट

नई टिहरी : टिहरी लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पंवार ने गुरुवार को थौलधार ब्लॉक क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान युवाओं ने उनका स्वागत करते हुए समर्थन दिया। कंडीसौड़ में आयोजित सभा में बॉबी ने कहा कि सरकार उत्तराखंड के संसाधनों को पूंजीपतियों के हाथों में सौंप रही है। यहां के हक-हकूकों को लोगों से छीना जा रहा है। बॉबी ने कहा कि भर्ती के नाम पर युवाओं के साथ छलावा किया है। अग्निवीर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। कहा ऐसे में जनता ने यदि उन्हें आशीर्वाद दिया तो वह क्षेत्र के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे। (एजेंसी)

### धूमधाम से मनाई ईद

रुद्रप्रयाग : मुख्यालय सहित जनपद में ईद हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने गुलाबराय मैदान में ईद की नवाज अदा की। इसके बाद एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। मुख्यालय सहित तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, बेडूबगड़ आदि स्थानों पर ईद की नवाज अदा की। इधर, ईद को लेकर जनपद में स्थानीय लोगों ने भी मुस्लिम लोगों को बधाई दी।

### बलूनी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने में जुटे कार्यकर्ता

नई टिहरी : भाजपा नेता मनीष खंडूड़ी ने देवप्रयाग विधानसभा में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से जीत दिलाने को लेकर काम करने को कहा। गुरुवार को देवप्रयाग में हुई बैठक में उन्होंने गढ़वाल सीट से पार्टी प्रत्याशी अनिल बलूनी को पांच लाख से अधिक मतों से विजयी बनाने को लेकर जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर बूथ पर अन्य प्रत्याशियों से अधिक मत हासिल करने का लक्ष्य है।

# कांग्रेस के लिए रामलला नहीं बाबर की मजार रही आस्था का केन्द्र : महाराज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में निमंत्रण के बावजूद भी कांग्रेस के शामिल न होने का बड़ा कारण यह है कि उसके शीर्ष नेतृत्व के लिए हमेशा से ही काबूल स्थित बाबर की मजार ही आस्था एवं श्रृद्धा का प्रमुख केन्द्र रही है।



उक्त बात प्रेस को जारी अपने एक बयान में भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मंदिर ट्रस्ट के निमंत्रण के बावजूद भी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का शामिल न होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का पीढ़ी दर पीढ़ी काबूल स्थित बाबर की मजार से आस्था एवं श्रृद्धा का अटूट रिश्ता रहा है। कांग्रेस सरकार में विदेश मंत्री रहे कद्दावर नेता नटवर सिंह ने अपनी किताब ह्यवन लाइफ इज नॉट एनफह्ल में स्पष्ट लिखा है कि 1959 में जवाहरलाल नेहरू, 1968 में इंदिरा गांधी, 1976 में राजीव गांधी और 2005 में राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह के साथ अफगानिस्तान में बाबर की कब्र का दौरा किया और कब्र पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इसलिए सनातन विरोधी कांग्रेस ने आमंत्रण मिलने के बाद भी रामलला के दर्शन करना उचित नहीं समझा। नटवर सिंह ने अपनी पुस्तक में यह भी लिखा है कि इंदिरा गांधी बाबर की कब्र पर फूल चढ़ाने काबुल गई थीं और अफगानिस्तान में बाबर की कब्र पर इंदिरा गांधी ने दावा किया था कि वह उनके उत्तराधिकारी हैं और देश उनके नियंत्रण में है। यही कारण है कि कांग्रेस अपने सहयोगियों द्वारा सनातन धर्म के अपमान पर चुप्पी साध लेती है। इसलिए आज हमें यह तय करना होगा कि देश की सत्ता को भगवान श्री राम में आस्था रखने वाले चलायेंगे या बाबर की मजार पर श्रृद्धा सुमन अर्पित करने वाले राम द्रोही।



## आमजन को मिलेगा कांग्रेस की गारंटी का लाभ

नई टिहरी : जनसंपर्क अभियान के दौरान पर नरेंद्रनगर के पूर्व विधायक ओम गोपाल रावत ने दावा किया कि कांग्रेस की गारंटी का लाभ आम जन को मिलेगा। कांग्रेस नेता भास्कर गैरोला ने इलेक्टोरल बांड को लेकर भाजपा को घेरा। पूर्व सचिव महेश जोशी ने कहा कि कांग्रेस सत्ता मे आते ही अग्निवीर योजना खत्म कर पुरानी व्यवस्था लागू करेगी। इस दौरान पूर्व राज्य मंत्री रमेश उनियाल, कुंवर सिंह चौहान, राजेंद्र चौहान, वीरेंद्र चौहान, बसंती देवी, विजेंद्र सिंह राणा, सुरेंद्र सिंह, वीर सिंह नेगी, महावीर लाल, सुरेंद्र कुमार, डुग्गा देवी, दीवान सिंह, मंगल सिंह, त्रिलोक सिंह, गंभीर सिंह नेगी, गोबिंद सिंह नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)



## हर्षोल्लास से मनाया गया ईद उल फितर

नई टिहरी : ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईद की नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की की कामना की गई। बौराड़ी ईदगाह में जामा मस्जिद के इमाम मौलाना असजद ने नमाज अदा कराई। पूर्व राज्यमंत्री मुशर्रफ अली ने कहा कि रमजान के पूरे महीने अल्लाह की इबादत की जाती है और रोजा रखे जाते हैं। इस मौके पर जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष रोशन बेग, मुनव्वर हसन, तौफीक अहमद, अतीक अहमद आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया सीमांत मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : लोकसभा चुनाव के मध्येनजर जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरुवार को बद्रीनाथ विधानसभा के दूरस्थ एवं सीमांत मतदान केंद्र संख्या 54-रा.प्रा.विद्यालय लामबगड़ अरूडी पट्टी, 56-रा.इ.का.पांडुकेश्वर, बूथ संख्या 18-रा.प्रा.वि. मारवाड़ी, 23-राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय जोशीमठ और 21-आदर्श मतदान केंद्र ब्लाक कार्यालय जोशीमठ का स्थलीय निरीक्षण कर चुनाव व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप एवं मतदाताओं के लिए अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए बीएलओ से वोटर पर्ची वितरण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों पर प्रारूप के अनुसार आवश्यक जानकारी अंकित की जाए।



वोटर स्लिप का शत प्रतिशत वितरण करते हुए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करें। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए बैठने की उचित प्रबंध किए जाए। निरीक्षण के दौरान संबधित बीएलओ ने जानकारी दी कि मतदान केंद्र 54-रा.प्रा.विद्यालय लामबगड़ अरूडी पट्टी में 574 मतदाता पंजीकृत है। जिसमें 306 पुरुष और 265 महिला मतदाता है। मतदान केंद्र 56-रा.इ.का.पांडुकेश्वर में 998 मतदाता पंजीकृत है, जिसमें 503 पुरुष और 485 महिला मतदाता है। बूथ संख्या 18-रा.प्रा.वि. मारवाड़ी में 599 मतदाता पंजीकृत है, जिसमें 357 पुरुष और 234 महिला मतदाता है। बूथ संख्या 23-राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय जोशीमठ में 483 मतदाता है, जिसमें 335 पुरुष और 148 महिला मतदाता है और मतदान केंद्र 21-आदर्श मतदान केंद्र ब्लाक कार्यालय जोशीमठ में 596 मतदाता पंजीकृत है, जिसमें 313 पुरुष और 283 महिला मतदाता है। अधिकतर वोटर स्लिप का वितरण कर लिया गया है। इस दौरान एसडीएम चन्द्र शेखर वशिष्ठ, बीडीओ मोहन जोशी, बीएलओ राजेंद्र प्रसाद, भगवती प्रसाद सहित आदि मौजूद थे।

## मतदाताओं को जागरुक कर रहे कलम क्रांति मंच के कवि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : चमोली में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन विभाग विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान संचालित कर रहा है। जहां एक ओर स्वीप के तहत जागरुकता रथों को संचालन, स्वीप रेडियो पॉडकास्ट, नुक्कड़ नाटकों से जागरुकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। वहीं जिले में गीत और कविताओं के माध्यम से भी गायक और कवि मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।जनपद में मतदाता जागरूकता को लेकर कलम क्रांति मंच की संयोजक शशि देवली के साथ ही रोशनी पोखरियाल, नीलम मलासी, विनीता भट्ट, संगीता बहुगुणा, भानू प्रकाश, दीपलता झिंक्वांण और बलवीर राणा अपनी कविताओं से सोशल मीडिया पर मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। जबकि शिक्षक व गायक शिशुपाल सिंह नेगी और धीरज राणा अपने मतदाता



जागरूकता गीत के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर साहित्यकारों और कलाकारों के सहयोग से जिला निर्वाचन विभाग की ओर से चलाई जा रही मुहिम को लोगों की ओर से खूब सराहा जा रहा है। दूसरी ओर जिले के लो वोटर टर्न आउट वाले चमोली, क्षेत्रपाल, भीमतलला, छिनका, बिरही, मायापुर, गडोरा, पीपलकोटी, पाखी, गरुड़गंगा, हेलंग, जोशीमठ, सुनील और औली क्षेत्रों में दिव्यांग व वृद्ध जागरुकता रथ के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान संचालित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने कहा कि मतदाता जागरुकता अभियान एक राष्ट्रीय अभियान है। अभियान के उद्देश्य की पूर्ति के लिये प्रत्येक मतदाता को अभियान से जुड़ते हुए शत प्रतिशत मतदान करना चाहिए। इस मौके पर संजीव बुटोला और सुरेंद्र राणा आदि मौजूद थे।

### मंत्रोचार से की मां भगवती के तीसरे स्वरुप मां चंद्रघंटा की पूजा

देहरादून। पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में मां भगवती के तृतीय स्वरूप मां चंद्रघंटा देवी की पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही बालाजी की शोभायात्रा के लिए पवित्र ज्योत लाने के लिए श्रद्धालुओं के जत्थे ने मेहंदीपुर राजस्थान प्रस्थान किया। मां भगवती के तीसरे स्वरुप की पूजा अर्चना करते हुए आचार्य भारत भूषण भट्ट ने कहा कि मां भगवती की पूजा अर्चना करने से भक्तों को यश की प्राप्ति होती है तथा काम क्रोध मद और लोभ का विनाश होता है। मंदिर में नवरात्र पूजन के लिए भक्तों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। वहीं श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा के लिए पवित्र ज्योत राजस्थान से लाने के लिए श्रद्धालुओं व सेवा दल के सदस्या शिवाजी धर्मशाला से रवाना हुए। दून से रवाना होने से पूर्व पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में यात्रा की सफलता के लिए सामूहिक पूजा अर्चना की गई।

## मोदी को ज्ञापन देने जा रहे भू कानून समिति से जुड़े लोग रोके

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऋषिकेश में गुरुवार को हुई जनसभा में उनसे मिलकर ज्ञापन देने जा रहे मूल निवास भू कानून समन्वय संघर्ष समिति से जुड़े लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इन्हें करीब पांच घंटे तक पुलिस लाइन में रखा गया। यहां मजिस्ट्रेट को बुलाकर इनका ज्ञापन दिलाया गया। मोदी की जनसभा समाप्त होने पर करीब पांच घंटे बाद इन्हें पुलिस लाइन से छोड़ दिया गया। ऋषिकेश में हुई प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा के दौरान संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन देने की कोशिश कर रहा था। उत्तराखंड में मूल निवास, भू कानून लागू करने, और अंकिता हत्याकांड व भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच करवाने की वह मांग कर रहे हैं। समिति के संयोजक मोहित डिमरी को गुरुवार सुबह हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले जाया गया। वहीं कई लोगों को ऋषिकेश में भी नजरबंद रखा गया। मोहित डिमरी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी डरे हुए हैं। वह नहीं चाहते कोई प्रधानमंत्री के आगे मूल निवास, भू कानून, अंकिता हत्याकांड और भर्ती घोटालों जैसे मुद्दे उठा पाएं। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों को लेकर लड़ाई लगातार जारी रहेगी। वहीं मोहित डिमरी को हिरासत में लिए जाने की जानकारी मिलते ही यूकेडी के वरिष्ठ नेता आनंद जुयाल, केंद्रीय प्रवक्ता शांति भट्ट, यूकेडी केंद्रीय युवा अध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट, केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुनील ध्यानी, केंद्रीय प्रवक्ता मीनाक्षी घिल्डियाल, समीर मुंडेपी, बृजमोहन सजवाण, प्रांजल नौडियाल, अनिल डोभाल, पंकज उनियाल, मनीष रावत, भोला चमोली, यतेन्द्र खंतवाल, शिवानंद लखेड़ा भी पुलिस लाइन पहुंच गए। उन्होंने हिरासत में लिए जाने का विरोध किया।

## गारंटी नहीं दस साल का रिपोर्ट कार्ड दें मोदीः सैलजा

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऋषिकेश में आयोजित रैली पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रधानमंत्री को अब नई गारंटी के बजाय अपने दस साल के काम काज का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखना चाहिए।प्रियंका गांधी की रामनगर और रुड़की में आयोजित जनसभा से पहले गुरुवार को देहरादून पहुंचे प्रदेश प्रभारी सैलजा ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा कि भाजपा को अब नई गारंटी देने के बजाय पिछले चुनावों में किए गए वायदों का हिसाब जनता को बताना होगा। शक्तिपीठों को लेकर दिए गए बयान पर सैलजा ने कहा कि भाजपा असल मुद्दों को दबाने के लिए धर्म की आड़ ले रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस ने देश में लंबे समय तक राज किया, क्या इस दौरान किसी का धर्म या आस्था खत्म हुई? उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा नेता इस पर कुछ नहीं बोलते, अंकिता के परिजनों को न्याय दिलाने की लड़ाई आज भी कांग्रेस लड़ रही है। कांग्रेस से नेताओं के इस्तीफे के सवाल पर उन्होंने कहा कि हर चुनाव से पहले ऐसा आवागमन चलता रहता है, हर दलबदल के पीछे अलग – अलग कारण हो सकते हैं।

## वेबकास्टिंग की टीमों को कैमरा सहित अन्य सामग्री बांटी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु जनपद की दोनों विधान सभाओं में मतदान केंद्रों में की जाने वाली वेबकास्टिंग के लिए कार्मिकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए वेबकास्टिंग सामग्री उपलब्ध कराई गई।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु सभी तैयारियां त्वरित गति से की जा रही हैं। जनपद की दोनों विधान सभाओं के 181 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की जानी है जिसके सफल संचालन एवं निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया संपादित कराए जाने के लिए वेबकास्टिंग हेतु तैनात किए गए कार्मिकों को विकासखंड सभागार अगस्त्यमुनि में



द्वितीय चरण का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। साथ ही वेबकास्टिंग की टीमों को कैमरा एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। नोडल अधिकारी वेबकास्टिंग/खंड विकास अधिकारी प्रवीण भट्ट ने कहा कि जनपद की दोनों विधान सभाओं में 181 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की जानी है जिसमें 07-केदारनाथ विधान सभा में 86 तथा 08-रुद्रप्रयाग विधानसभा में 95 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की जानी हैं जिसके लिए 114 कार्मिकों को तैनात किया गया है एवं 09 टीमें रिजर्व में तैनात की गई हैं। इसके साथ ही 4 ब्लॉक कॉर्डिनेटर नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित वेबकास्टिंग कार्मिकों से कहा कि जिन मतदान केंद्रों में उनके द्वारा वेबकास्टिंग की जानी है, वे सभी कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन सावधानी पूर्वक करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कैमरे को ऐसे स्थान पर लगाई जाए जिससे पूरी निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी की जा सके। इस अवसर पर दोनों विधान सभाओं में तैनात किए गए वेबकास्टिंग कार्मिक मौजूद रहे।

## डीएम ने लिया चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं और निर्माण कार्यों का जायजा

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली** : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरुवार को बद्रीनाथ धाम पहुंचकर चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं और निर्माण कार्यों को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने यात्रा से जुड़े विभागों को निर्देशित किया कि यात्रा शुरू होने से पहले साकेत मंदिर मार्ग का डामरीकरण, सीवर लाइन मरम्मत, आतंरिक मार्गों का सुधारीकरण किया जाए। धाम में यात्रा से पहले पानी व विद्युत आपूर्ति सुचारू की जाए। प्रमुख मार्गों पर स्ट्रीट लाइट, वाहन पार्किंग और यात्रियों की सुविधा के लिए साइनेज लगाए जाए। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत यात्रियों की सुख, सुविधा, अच्छे दर्शन को लेकर काम किए जा रहे है।

मास्टर प्लान के तहत संचालित निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि बद्रीनाथ महायोजना के



अन्तर्गत संचालित कार्यों में श्रमिक की संख्या बढ़ाई जाए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए यात्रा शुरू होने से पहले अधिकांश कार्यों को तेजी से पूरा करें। इस दौरान अधिशासी अभियंता विपुल सैनी ने संचालित कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चन्द्र शेखर वशिष्ट, लोनिवि के अधीक्षण अभियंता राजेश चंद्रा, पीआईयू के अधिशासी अभियंता विपुल सैनी, सहायक अभियंता सनी पालीवाल, तहसीलदार अर्जुन सिंह बिष्ट, ईओ सुनील पुरोहित, राजस्व निरीक्षक देवेंद्र सिंह नेगी सहित कार्यदायी संस्थाओं के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## महात्मा फुले की जयंती पर उनके योगदान याद किए

देहरादून। महात्मा ज्योतिराव फुले की 197वीं जयंती पर उनके समाज सुधार के कार्य याद किए गए। वक्ताओं ने कहा कि फुले ने हर धर्म, हर जाति के लोगों, महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किया। भारतीय दलित साहित्य अकादमी उत्तराखंड की ओर से गुरुवार को उत्तरांचल प्रेस क्लब में फुले के जीवन दर्शन पर आयोजित गोष्ठी का मुख्य अतिथि डा. राजेश पाल, सामाजिक न्यायकृति मंत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष नानक चंद, समाज सेवी सुरेश सैनी, प्रदेश अध्यक्ष प्रो. जयपाल सिंह, महासचिव चन्द्र सैन, प्रदेश उपाध्यक्ष आशा लाल ने शुभारंभ किया। डा. पाल ने कहा कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिराव फुले ने भारत में एक सामाजिक परिवर्तन के आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व को समाज के सामने रखा। नानक चंद ने कहा कि महात्मा फुले बहिष्कृत समाज के मुख नेताओं में एक थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में एक जनवरी 1848 को पहले विद्यालय की स्थापना की। उन्होंने 18 विद्यालय खोलकर समाज के विकास को गति दी। वो समाज की सामाजिक कुरीतियों एवं बुराइयों के खिलाफ जीवन भर लड़ते रहे। उन्होंने हर धर्म हर जाति के लोगों के लिए काम किया। आशा लाल ने कहा है कि महात्मा फुले पुरुषों और महिलाओं के समान अधिकारी के पक्षधर थे। मौके पर चिरंजी लाल, प्रीतम सिंह फुलवंशी, कर्ताराम कीर्ति, कल्याण सिंह आदि मौजूद थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com